## VASISHTHA GENESIS SCHOOL, BARDOLI
(Academic Session: 2026-27)

**Date: ________ Class: 4 Div: A/C Roll No: ______ Sub: 2L Hindi**
**Name: ________________________________________ Revision Worksheet: No. 1**

**पाठ – 1. नया उजियारा**

**प्रश्न 1. लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**
**प्रश्न (क)** कवि कैसा दीप जलाने के लिए कह रहा है ?

**उत्तर -** कवि प्रेम-सुधा के दीप जलाने के लिए कह रहा है।

**प्रश्न (ख)** अमृत किसे मिलता है ?
**उत्तर –** अमृत उसे मिलता है जो विनम्र है।

**प्रश्न (ग)** किसे छूकर दमकाने के लिए कहा जा रहा है?
**उत्तर -** धरती के कण-कण की छूकर दमकाने के लिए कहा जा रहा है।

**प्रश्न 2. प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए :**

**प्रश्न (क)** प्रेम – सुधा का दीप जलाने से क्या होगा ?

**उत्तर -** प्रेम-सुधा का दीप जलाने से अर्थात मिलजुलकर रहने से है। मिलजुलकर कार्य करने पर कार्य आसानी से और सफलतापूर्वक होगा जो हमारे विकास में सहायक होगा।

**प्रश्न (ख)** 'वसुधा आँचल लहराएगी' का क्या अर्थ है ?

**उत्तर -** 'बसुधा आँचल लहराएगी' का अर्थ है धरती पर खुशहाली होना यानी धरती धन-धान्य, प्रेम और सौहार्द से परिपूर्ण होगी।

**प्रश्न (ग)** प्राणी धरती को धानी कैसे करेगा ?

**उत्तर -** प्राणी परिश्रम से फ़सलें उगाकर धरती को धानी यानी समृद्ध बना देगा।

**प्रश्न (घ)** धानी धरती को माता और जीवनदाता क्यों कहा गया है ?

**उत्तर -** धानी धरती अर्थात लहलहाती फसलों वाली धरती। जब धरती पर फसलें लहलहाएँगी तभी हमें खाने के लिए अन्न, फल और सब्जियाँ मिलेंगी। भोजन से हमें पोषण और जीवन मिलता है और हमारे लिए भोजन का प्रबंध हमारी माता करती हैं, इसलिए धरती को माता और जीवनदाता कहा गया |